भारतीय फ़िल्म और टेलीविज़न संस्थान (FTII)

पुणे



भारत का प्रमुख फ़िल्म निर्माण संस्थान

फ़िल्म और टेलीविज़न निर्माण के क्षेत्र में भारतीय फ़िल्म और टेलीविज़न संस्थान(**FTII**) पुणे , देश का अग्रणी एवं पहला संस्थान है। अधिकांश भारतीयों के लिए का FTII का उल्लेख करते ही उनके सामने पसंदीदा एक या अधिक अभिनेताओं - अभिनेत्रियों की छवि उभर आती हैं। जबकि सच्चाई यह है कि यहां के छात्रों ने पिछले पचास वर्षों से अधिक समय से फ़िल्म निर्माण के समस्त आयामों में अपनी विशिष्ट उपलब्धि दर्ज करायी है। भारत के फ़िल्म और टेलीविज़न के परिदृश्य के विकास के हर पहलू में, चाहे वह अभिनेता अथवा निर्देशक अथवा तकनीशीयन के रूप में हो, उन्होंने योगदान दिया है। उनकी बहुत सी रचनाएं सांस्कृतिक धरोहर बन गयी हैं, जो स्वातंत्र्योत्तर भारत के इतिहास में अपना विशिष्ट स्थान रखती हैं।

अध्ययन की पौधशाला

भारत सरकार के द्वारा सन् **1961** में भारतीय फ़िल्म संस्थान, मूलतः प्रभात फ़िल्म स्टूडियो परिसर में प्रारंभ किया गया था। यह स्टूडियो भारत के पथ प्रदर्शक ध्वनि-युग की फ़िल्म निर्माण कंपनियों में से एक था। 11 एकड़ के विस्तृत कैम्पस में एक फ़िल्म स्टूडियो, मध्यम आकार का थियेटर (मेन थियेटर) , ध्वनि स्टूडियो एवं अन्य कुछ छोटी- छोटी इमारतें थीं। इन इमारतों में FTII को स्टूडियो-1 विरासत में प्राप्त हुआ, जहाँ 1932 से 1945 तक प्रभात फ़िल्म स्टूडियो की अनेक फ़िल्में बनी थी। 1971 में टेलीविजन प्रभाग के जुडने के साथ ही संस्थान का नाम भारतीय फ़िल्म और टेलीविज़न संस्थान(FTII) रखा गया।

पिछले कुछ वर्षों में अकादमिक आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए संस्थान ने स्टूडियो, विभागीय भवन तथा छात्रावास एवं अन्य इमारतों का निर्माण किया है।

फ़िल्म निर्माण में पाँच विशेषज्ञता पाठ्यक्रमों के साथ आरंभ हुए FTII में अब ग्यारह कोर्स के साथ अल्पावधि पाठ्यक्रम भी संचालित किये जा रहें हैं।

इसी के साथ संस्थान फ़िल्म और टेलीविजन निर्माण से संबंधित नवीन एवं अत्याधुनिक उपकरणों से सुसज्जित होकर, अत्याधुनिक विकास के साथ कदमताल मिलाकर चल रहा है। FTII परिसर में 1 जीबीपीएस समर्पित एनकेएन लाइन के अतिरिक्त वाई-फाई सुविधा भी है।



पाठ्यक्रम. . .

फ़िल्म विशेषज्ञता :-

- निर्देशन और पटकथा लेखन
- संपादन
- कला निर्देशन और निर्माण संरचना
- अभिनय
- छायांकन
- ध्वनि मुद्रण और ध्वनि संरचना
- फीचर फ़िल्म पटकथा लेखन

टेलीविज़न विशेषज्ञता :-

- निर्देशन
- वीडियो संपादन
- इलेक्ट्रॉनिक छायांकन
- ध्वनि मुद्रण और टेलीविज़न अभियांत्रिकी

लघु पाठ्यक्रम :-

- फ़िल्म रसास्वादन :- राष्ट्रीय फ़िल्म संग्रहालय के सहयोग से वर्ष 1967 से प्रतिवर्ष पुणे में यह कोर्स आयोजित किया जाता है। फ़िल्म रसास्वादन पाठ्यक्रम की अवधि चार सप्ताह की तथा दो सप्ताह की होती है, जिसमें देश भर के फ़िल्म रसिक सहभागी हो सकते हैं।
- स्किफ्ट (स्किलिंग इंडिया इन फ़िल्म एण्ड टेलीविज़न) :- यह कौशल विकास की एक अभिनव पहल है, जो देश भर में लघु - अवधि पाठ्यक्रमों का संचालन कर फ़िल्म शिक्षा को जन-जन तक पहुँचाने में सहायता करता है।
- समय-समय पर लघु-पाठ्यक्रम, शैक्षिक संस्थानों, केन्द्र तथा राज्य सरकार के विभागों (पुलिस, सूचना, जनसंपर्क आदि) के लिए भी लघु-पाठ्यक्रम संचालित किये जाते हैं।

पुरस्कार. . .

अभी तक FTII के छात्रों ने अनेक अन्तर्राष्ट्रीय और राष्ट्रीय पुरस्कार जीते हैं।

पुस्तकालय...

पुस्तकालय सेवा सभी छात्रों, स्टाफ सदस्यों, लघु पाठ्यक्रम के प्रतिभागियों और बाह्य शोधार्थियों के लिए उपलब्ध करवायी जाती है।

पुस्तकें :- 30,700 से अधिक

विडियो सामग्री :- 6,300 से अधिक

नियतकालिक पत्रिकाएँ :- 11 भारतीय तथा 11 विदेशी

आउटरीच. . .

FTII कई सम्मानित अंतर्राट्रीय फ़िल्म स्कूलों के साथ विनिमय कार्यक्रम आयोजित करता है।

- फामु (चेक रिपब्लिक)
- सेंटरो सिनेमॅटोग्रफिकों इलुमिना (स्पेन)
- द ऑर्टस यूनिवर्सिटी कॉलेज एट बोर्नमाऊथ (यूके)
- आइएफएस, कोलोन (जर्मनी)
- ला फेमि (फ्रांस)
- ग्रिफिथ यूनिवर्सिटी (आस्ट्रेलिया)
- लीड्स मेट्रोपॉलिटन यूनिवर्सिटी (यूके)
- एचएफएफ कोनाई वुल्फ (जर्मनी)

FTII, **सिलेक्ट (CILECT)** का भी सदस्य है। (सेन्ट्रल इंटरनेशनल डे लियाइसोन डेस एकोलेस डे सिनेमा एट डे टेलीविज़न)

Design & Concept by - Syed Tanveer

FILM & TELEVISION INSTITUTE OF INDIA



संपर्क करें

+ 91 - 20-25580085

ftiioutreach@gmail.com

www.ftiindia.com

विधि महाविद्यालय मार्ग,
एरंडवणा, पुणे - 411004, भारत